आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 04.01.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रामीण लोगों को सम्मानजनक जीवन देने की सरकार की प्राथमिकता दोहराई–नई दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव का उद्घाटन किया।
- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने डूंगरपुर जिले के खड़गदा में मोरन नदी क्षेत्र में जल संरक्षण कार्यों का अवलोकन किया–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डूंगरपुर में शिल्पग्राम बनाने की घोषणा की।
- अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के सालाना उर्स में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से चादर पेश की।
- राज्य सरकार ने जनजाति क्षेत्रों में माइनर मिनरल की नीलामी में स्थानीय लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए अमानत राशि घटाकर पांच लाख रुपये की।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांवों को विकास और अवसरों के जीवंत केन्द्रों में बदलकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के सरकार के दृष्टिकोण पर बल दिया है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में ग्रामीण भारत महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गांवों के लोगों को सशक्त बनाना उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

............

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के इरादों, नीतियों और निर्णयों से ग्रामीण भारत में नई ऊर्जा आ रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को 2025–26 तक एक और वर्ष के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी है। श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत अब तक तीन लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है।

..............

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल–जीवन मिशन सहित सरकार के प्रयासों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना है। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

ग्रामीण भारत महोत्सव 9 जनवरी तक चलेगा। इसका विषय है – विकसित भारत 2047 के लिए आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत का निर्माण। इसका ध्यये वाक्य गांव बढ़े तो देश बढ़े रखा गया है। महोत्सव में जीवंत प्रस्तुतियों और प्रदर्शनियों के माध्यम से भारत की समृद्ध धरोहर का प्रदर्शन किया जा रहा है।

000

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने आज डूंगरपुर जिले के खड़गदा में मोरन नदी क्षेत्र में जल संरक्षण को लेकर किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। इस मौके पर श्री पाटिल ने कहा कि राजस्थान की 11 नदियों को जोड़कर प्रदेश को हरा–भरा बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संचय में जन भागीदारी की बात कही थी, जिसे डूंगरपुर के लोगों ने साकार कर दिखाया है।

................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोरन नदी के संरक्षण को लेकर खड़गदा के लोगों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वागड़ के सम्पूर्ण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। श्री शर्मा ने

डूंगरपुर में कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि डूंगरपुर में शिल्पग्राम बनाया जाएगा। इस पर 44 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे।

................

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने लोगों से मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में जाकर आयुष्मान राजस्थान के संकल्प को साकार करने की अपील की है। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा इन शिविरों में जाकर चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाने को कहा। श्री खींवसर ने आज जयपुर में अपने आवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिये।

000

अजमेर में चल रहे सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के सालाना उर्स में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से चादर पेश की गई। केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने मज़ार शरीफ पर ये चादर चढ़ाई। इस अवसर पर उन्होंने देश में अमन, चैन और भाईचारे की दुआ मांगी। उन्होंने बुलंद दरवाजे से प्रधानमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में उर्स में शामिल हुए ज़ायरीन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ख्वाजा साहब के लोक कल्याण और मानवता से जुड़े संदेशों ने लोगों पर अमिट छाप छोड़ी है। उनके प्रति विश्वभर में गहरी आस्था है। उनके वार्षिक उर्स का उत्सव लोगों के आपसी जुड़ाव को सशक्त करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। संदेश पढ़ने के बाद श्री रिजिजू ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा भारतीय समाज एकजुट होकर दुनिया में शांति के लिए काम करेगा।

..............

केन्द्रीय मंत्री ने दरगाह के वेब पोर्टल और गरीब नवाज़ एप की भी शुरूआत की। एक रिपोर्ट –

...............

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, भाजपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिकी, अल्पसंख्यक मंत्रालय के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर कुमार और संयुक्त सचिव श्रेसा सी शाइक मोहीउद्दीन भी मौजूद रहे।

000

राज्य सरकार ने प्रदेश की नई खनिज नीति और नई एमसेण्ड नीति के प्रावधानों के अनुसार राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियम, 2017 में आवश्यक बदलाव अधिसूचित कर दिये हैं। खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि बजरी खनन के लिए क्षेत्र की स्वीकृति से पहले पर्यावरण संबंधी मंजूरी लेगी होगी। जनजाति क्षेत्र में अप्रधान खनिज की रियायतों की नीलामी में स्थानीय निवासियों की भागीदारी के लिए बिड सिक्योरिटी 10 लाख से घटाकर 5 लाख रुपये की गई है। खनिज रियायतों के प्लॉट्स की नीलामी में फर्जी बिड रोकने के लिए 30 करोड रुपये से अधिक की बोली पर बिड सिक्योरिटी की राशि, प्रस्तुत बिड राशि की 25 प्रतिशत निर्धारित की गई है।

खनिज प्लान में जीरो वेस्ट माइनिंग प्रैक्टिस पर जोर देने के साथ ही नीलामी में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने तथा प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए रॉयल्टी वसूली ठेकेदारों की विभाग के साथ पंजीयन की वर्तमान व्यवस्था को समाप्त किया गया है। श्री रविकान्त ने बताया कि नए प्रावधान तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

000

शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि 15 मार्च के बाद शिक्षकों के तबादलों पर विचार किया जाएगा। श्री दिलावर ने आज बालोतरा में पत्रकारों में बातचीत में ये बात कही। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के बीच, शिक्षकों का तबादला विद्यार्थियों के हित में नहीं है। इससे पहले श्री दिलावर ने भटियाणी माता मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना की।

000

राजसमंद जिले में अधिक से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जोड़ने के लिए मिशन कुटुम्ब कवच चलाया जा रहा है। जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा की पहल पर ये नवाचार किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस मिशन के तहत सिर्फ नौ दिनों में 58 हजार लोगों ने बीमा के लिए आवेदन किया है।

..................

000

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार उत्पादक और उपभोक्ता राज्यों के बीच मूल्य के अंतर को दूर करने के लिए परिवहन और भंडारण की लागत वहन करेगी। श्री चौहान ने आज नई दिल्ली में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के कृषि मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों की विकास दर तीन दशमलव पांच प्रतिशत से चार प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है।

000